University in News on 09 July 2025

HINDUSTAN PAGE 8

शैक्षिक सत्र 2025-26 की प्रक्रिया के तहत 42 परास्नातक पाठ्यक्रमों के लिए परीक्षा की तिथियां तय

एलयू में पीजी प्रवेश परीक्षा 17 जुलाई से

मिशन एडमिशन

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय ने शैक्षिक सत्र 2025-26 प्रवेश प्रक्रिया के तहत परास्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा की तिथियां तय कर दी हैं। जिसके अनुसार पीजी पाठ्यक्रमों के लिए 17 से 23 जुलाई तक प्रवेश परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में प्रवेश समन्वयक की ओर से सूचना जारी कर विस्तृत प्रवेश परीक्षा कार्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है।

प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया समाप्त: लखनऊ विवि में स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रमों प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया समाप्त हो चुकी है। स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 25 जून और परास्नातक पाठ्यक्रमों के लिए सात जुलाई निर्धारित की गई थी।

दो पाली में होगा प्रवेश परीक्षा का आयोजन: एलयू के प्रवेश प्रकोष्ठ की ओर से जारी किए गए पत्र के मुताबिक, परास्नातक कार्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन दो पालियों में किया जाएगा। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10:30 से 12 बजे तक होगी। जबकि दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर तीन से 04:30 बजे तक होगी। प्रवेश परीक्षा से जुड़ी किसी भी जानकारी के लिए अभ्यर्थी लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट देख सकते हैं।

जल्द जारी किए जाएंगे प्रवेश पत्र

प्रवेश परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जल्द ही जारी कर दिए जाएंगे। प्रवेश समन्वयक प्रोफेसर अनिल गौरव का कहना है कि जिन अभ्यर्थियों ने एक से अधिक विषयों में आवेदन कर रखा है वह उससे जुड़ी जनकारी pgluadmissions25@gmail.com पर 10 जुलाई तक भेज दें।

25 पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया जल्द

प्रवक्ता प्रोफेसर दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि परास्नातक स्तर के 25 पाठ्यक्रमों में दाखिले की प्रक्रिया संबंधित निर्देश जल्द जारी होंगे। इसमें एआईएल एंड आर्किटेक्चरल, गृह विज्ञान, सीसीजेए, आचार्य, संस्कृत, ज्योतिर्विज्ञान, अरब कल्चर, उर्दू, लिंग्विस्टिक, अरेबिक, वेस्टर्न हिस्ट्री, पब्लिक बायोलॉटिएस, महिला अध्ययन, एग्रीबायूटिव एमबीए, कंप्यूजिट हिस्ट्री, पब्लिक पॉलिसी एंड गवर्नेंस, रिन्यूबल एनर्जी, रक्षा अध्ययन, जमसंख्या अध्ययन, योगा, वेद, पर्यावरणीय अध्ययन, दर्शनशास्त्र और आलिम पाठ्यक्रम शामिल हैं।

इन तिथियों में होगी प्रवेश परीक्षा

तारीख	समय	पाठ्यक्रम
17 जुलाई	सुबह 10:30 से 12 बजे तक	एंथ्रोपोलॉजी, बायोटेक्नोलॉजी, कंप्यूटर साइंस, बीपीएड, पब्लिक हेल्थ (कम्युनिटी मेडिसिन)
17 जुलाई	दोपहर 03:00 से 4:30 बजे तक	अप्लाइड जियोलॉजी, बैचलर व मास्टर इन लाइब्रेरी साइंस, विज्ञानशास्त्र, जैव रसायन, पब्लिक हेल्थ।
18 जुलाई	सुबह 10:30 से 12 बजे तक	अंग्रेजी, माइक्रोबायोलॉजी, गणित।
18 जुलाई	3:00 से 4:30	फॉरेंसिक, एमपीएड, पॉलिटिकल साइंस।
19 जुलाई	सुबह 10:30 से 12 बजे तक	वनस्पति विज्ञान, अर्थशास्त्र।
19 जुलाई	03:00 से 4:30	रसायन विज्ञान, सांख्यिकी, एमआईएल।
20 जुलाई	सुबह 10:30 से 12 बजे तक	एलएलबी।
20 जुलाई	दोपहर 03:00 से 4:30 बजे तक	एमबीए या एमटीटीएम।
21 जुलाई	सुबह 10:30 से 12 बजे तक	भूगोल, एलएलएम।
21 जुलाई	3:00 से 4:30	अस्पताल प्रशासन, समाजशास्त्र, प्राणि विज्ञान
22 जुलाई	सुबह 10:30 से 12 बजे तक	हिन्दी, लोक प्रशासन, भौतिक विज्ञान।
22 जुलाई	3:00 से 4:30	भूगर्भ विज्ञान, पूरा प्रोफेशिन एंड टेक्नोलॉजी
23 जुलाई	सुबह 10:30 से 01:30 बजे तक	एमएड, एमबीए या एमएमए।
23 जुलाई	सुबह 10:30 से 12 बजे	अप्लाइड इकोनॉमिक्स, एफआरडी
23 जुलाई	दोपहर 03:00 से 4:30 बजे तक	समाज कार्य, एमकॉम।

स्नातक चतुर्थ वर्ष में 25 तक कर सकेंगे आवेदन

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2025-26 प्रवेश प्रक्रिया के तहत स्नातक चतुर्थ वर्ष में दाखिले के लिए आवेदन शुरू हो गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी विवि की वेबसाइट के एडमिशन पेज पर जाकर आवेदन से जुड़ी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 25 जुलाई तय की गई है। इस संबंध में प्रवेश समन्वयक की ओर से निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जिनका पालन करते हुए आवेदन किया जा सकता है।

प्रवेश समन्वयक प्रोफेसर अनिल गौरव का कहना है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार स्नातक चतुर्थ वर्ष में प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन फॉर्म जारी कर दिए गए हैं। अधिक जानकारी के लिए, कसी जिज्ञासा को शांत करने के लिए विद्यार्थी वेबसाइट देख सकते हैं।

2025-26

प्रवेश प्रक्रिया के तहत स्नातक चतुर्थ वर्ष में दाखिले के लिए आवेदन शुरू हो गए

सातवें सेमेस्टर का रजिस्ट्रेशन मेजर वन विषय में

जिन अभ्यर्थियों के सत्र 2024-25 में स्नातक की परीक्षाओं में छठे सेमेस्टर तक कुल 7.5 या इससे अधिक सीजीपीए प्राप्त किए हैं, वे स्नातक चतुर्थ वर्ष के सेमेस्टर सातवें का रजिस्ट्रेशन आवेदन मेजर वन विषय में कर दे। आवेदन के लिए अभ्यर्थी लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट के एडमिशन पेज पर क्लिक करें।

बीएससी तीसरे सेमेस्टर में दाखिला 11 तक

एलयू में बीएससी एनईपी तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश की प्रक्रिया आरंभ हो गई है। विज्ञान संकायाध्यक्ष ने पत्र जारी करते हुए कहा कि बीएससी द्वितीय सेमेस्टर पास छात्र-छात्राएं अपनी मार्कशीट व फीस रसीद और काउंसलिंग फॉर्म भरकर 11 जुलाई तक अपना प्रवेश सुनिश्चित कर लें।

AMAR UJALA MY CITY PAGE 7

लविवि : स्नातक चौथे वर्ष में प्रवेश के लिए आवेदन फॉर्म जारी

लखनऊ। एनईपी के तहत स्नातक चौथे वर्ष में प्रवेश के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय ने आवेदन फॉर्म मंगलवार को जारी कर दिया है। छात्रों को अपना फॉर्म भरने के लिए विवि की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर जाकर एडमिशन पेज पर क्लिक करना होगा। जिन छात्रों के सत्र 2024-25 में स्नातक की परीक्षाओं में पहले सेमेस्टर से चौथे सेमेस्टर तक कुल 7.5 या इससे अधिक सीजीपीए अंक हैं वे अभ्यर्थी स्नातक चौथे वर्ष के सातवें सेमेस्टर का रजिस्ट्रेशन आवेदन अपने विषय में कर दें। इसकी अंतिम तारीख 25 जुलाई है। (संवाद)

लविवि के विधि विभाग में विषम सेमेस्टर की कक्षाएं 14 जुलाई से

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि विभाग के त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम के तीसर व पांचवें सेमेस्टर और पांच वर्षीय पाठ्यक्रम के तीसरे, पांचवें, सातवें व नौवें सेमेस्टर की कक्षाएं 14 जुलाई से शुरू हो रही हैं। एलएलएम तीसरे सेमेस्टर की कक्षाएं भी इसी के साथ शुरू हो रही हैं। मंगलवार को यह जानकारी विधि संकाय के विभागाध्यक्ष बीडी सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि कक्षाओं की विस्तृत समय-सारणी नोटिस बोर्ड पर लगा दी गई है। उपस्थिति 75 प्रतिशत से कम होने पर बार काउंसिल ऑफ इंडिया के नियमानुसार परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं मिलेगी। (माई सिटी रिपोर्टर)

लविवि में बीसीए और बीएससी मैथ्स के लिए प्रवेश परीक्षा आज

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में सत्र 2025-26 के स्नातक प्रवेश परीक्षाओं की श्रृंखला में बुधवार को पहली पाली में बीसीए व दूसरी पाली में बीएससी मैथ्स की सीटों के लिए प्रवेश परीक्षा होगी। बुधवार को बीसीए व बीएससी की प्रवेश परीक्षा के लिए कुल 6648 अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं। पहली पाली की परीक्षा सुबह साढ़े दस बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर बाद ढाई बजे से चार बजे के बीच होगी। प्रश्नपत्र में कुल सौ बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे, जिन्हें 90 मिनट में हल करना होगा। जिन अभ्यर्थियों ने किसी तरह का आरक्षण का दावा किया है या एनसीसी और स्पोर्ट का भारण मांगा है, उन्हें अपना मूल प्रमाण पत्र साथ लाना होगा। मंगलवार को हुई बीकॉम स्नातक प्रवेश परीक्षा में पहली पाली में 86 प्रतिशत अभ्यर्थी और शाम की पाली में बीकॉम ऑनर्स की प्रवेश परीक्षा में कुल 78 प्रतिशत अभ्यर्थी शामिल हुए। (माई सिटी रिपोर्टर)

लविवि : परास्नातक की प्रवेश परीक्षाएं 17 से 23 जुलाई तक

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने परास्नातक (पीजी) सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए प्रस्तावित परीक्षा कार्यक्रम मंगलवार को जारी कर दिया है। परीक्षाएं 17 से 23 जुलाई तक दो पालियों में आयोजित की जाएंगी। पहली पाली सुबह 10:30 से दोपहर 12 बजे तक तथा दूसरी पाली दोपहर 3 से शाम 4:30 बजे तक होगी।

विवि के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि अभ्यर्थी समय का विशेष ध्यान रखें, देरी से आने वाले छात्र परीक्षा में शामिल नहीं हो सकेंगे। वहीं, यदि किसी छात्र के दो विषयों की परीक्षा एक ही समय पर होती है, तो वह 10 जुलाई तक संबंधित सूचना विवि की ईमेल आईडी pgluad-missions25@gmail.com पर भेज सकते हैं।

प्रवेश पत्र जल्द ही जारी किए जाएंगे। प्रवेश समन्वयक प्रो. अनित्य गौरव ने छात्रों को सलाह दी है कि विवि की वेबसाइट पर नजर बनाए रखें।

प्रवेश परीक्षा विषयवार तिथियां

17 जुलाई : ■ प्रथम पाली: मानव विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, कंप्यूटर विज्ञान, बीपीएड, सार्वजनिक स्वास्थ्य (सामुदायिक चिकित्सा) ■ द्वितीय पाली: सार्वजनिक स्वास्थ्य, भूविज्ञान, जैव रसायन

18 जुलाई : ■ प्रथम पाली: अंग्रेजी, सूक्ष्म जीव विज्ञान, गणित ■ द्वितीय पाली: फॉरेंसिक विज्ञान, एमपीएड, राजनीति विज्ञान

19 जुलाई : ■ प्रथम पाली: वनस्पति विज्ञान, अर्थशास्त्र ■ द्वितीय पाली: रसायन विज्ञान, सांख्यिकी, मध्यकालीन व आधुनिक भारतीय इतिहास

20 जुलाई : ■ प्रथम पाली: एलएलबी ■ द्वितीय पाली: एमबीए, एमटीटीएम

21 जुलाई : ■ प्रथम पाली: एलएलएम, भूगोल ■ द्वितीय पाली: अस्पताल प्रशासन, समाजशास्त्र, जंतु विज्ञान

22 जुलाई : ■ प्रथम पाली: हिंदी, लोक प्रशासन, भौतिकी ■ द्वितीय पाली: भूविज्ञान, खाद्य प्रसंस्करण और प्रौद्योगिकी, मनोविज्ञान

23 जुलाई : ■ प्रथम पालीः एमएड ■ द्वितीय पाली: अर्थशास्त्र, पत्रकारिता व जनसंचार, सामाजिक कार्य, एमकॉम

NBT PAGE 6

LU: पीजी प्रवेश परीक्षाओं का शेड्यूल जारी, 23 जुलाई तक 41 कोर्स की परीक्षाएं

पीजी में दाखिले की 17 से परीक्षा

मिशन एडमिशन

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय के पीजी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए परीक्षाओं का शेड्यूल मंगलवार को जारी कर दिया गया है। इसके अनुसार 17 से 23 जुलाई के बीच प्रवेश परीक्षाएं होंगी। विवि ने 41 पाठ्यक्रमों का शेड्यूल जारी किया है, वहीं जबकि 25 पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षाओं का शेड्यूल बाद में जारी किया जाएगा। जारी शेड्यूल के अनुसार पहली पाली की परीक्षा सुबह 10:30 से 12:00 बजे और दूसरी पाली की दोपहर 3:00 से शाम 4:30 बजे के बीच होगी।

विवि के प्रवक्ता दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि अभ्यर्थियों के लिए पहले से शेड्यूल जारी कर दिया गया है ताकि तैयारी के लिए पर्याप्त समय मिल सके। अगर शेड्यूल के बीच कोई और प्रवेश परीक्षा पड़ रही है तो अभ्यर्थियों को 10 जुलाई तक एलयू के ऐडमिशन सेल को सूचित करना होगा। इसके लिए एलयू ईमेल आईडी pglucdmissions25@gmail.com पर मेल करना होगा। निर्धारित तिथि के बाद मेल करने पर कोई संशोधन नहीं किया होगा।

25 पाठ्यक्रमों के लिए बाद में जारी होगा शेड्यूल

17 जुलाई
- **पहली पाली:** एंथ्रोपॉलजी, बायोटेक्नॉलजी, कंप्यूटर साइंस, बीपीएड, पब्लिक हेल्थ (कम्युनिटी मेडिसिन)
- **दूसरी पाली:** अप्लाइड जियॉलजी, बीएलआईएससी, एजुकेशन, बायोकेमिस्ट्री, एमएलआईएससी, पब्लिक हेल्थ

18 जुलाई
- **पहली पाली:** इंग्लिश, माइक्रोबायॉलजी, मैथ्स
- **दूसरी पाली:** फॉरेंसिक साइंस, एमपीएड, पॉलिटिकल साइंस

19 जुलाई
- **पहली पाली:** बॉटनी, इकॉनॉमिक्स
- **दूसरी पाली:** केमिस्ट्री, स्टैटिक्सटिक्स, एनआईएल

20 जुलाई
- **पहली पाली:** एलएलबी
- **दूसरी पाली:** एमबीए, एमटीटीएम

21 जुलाई
- **पहली पाली:** जियॉग्रफी, एलएलएम
- **दूसरी पाली:** हॉस्पिटल ऐडमिनिस्ट्रेशन, सोशियॉलजी, जूलॉजी

22 जुलाई
- **पहली पाली:** हिंदी, पब्लिक ऐडमिनिस्ट्रेशन, फिजिक्स
- **दूसरी पाली:** जियॉलजी, फूड प्रोसेसिंग ऐंड फूड टेक्नॉलजी, सायकॉलजी

23 जुलाई
- **पहली पाली** 10:30 बजे से 1:30 बजे: एमएड, एमबीए एमएमए
- **पहली पाली** 10:30 बजे से 12:00 बजे: अप्लाइड इकॉनॉमिक्स, जर्नलिज्म ऐंड मास कम्युनिकेशन
- **दूसरी पाली:** सोशल वर्क, एमकॉम

Sandip Radloji

लखनऊ विश्वविद्यालय में मंगलवार को बीकॉम और बीकॉम ऑनर्स की प्रवेश परीक्षा हुई।

बीकॉम में प्रवेश की होड़

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में मंगलवार को बीकॉम व बीकॉम ऑनर्स की प्रवेश परीक्षा हुई। अब तक हुई प्रवेश परीक्षाओं में अभ्यर्थियों की सर्वाधिक उपस्थिति बीकॉम में रही। बाकी कोर्स की प्रवेश परीक्षाओं में नहीं औसतन 70% उपस्थिति रही, वहीं बीकॉम की प्रवेश परीक्षा में उपस्थिति 86% रही। सुबह 10:30 से 12:00 बजे के बीच होने वाली बीकॉम की प्रवेश परीक्षा में 4447 अभ्यर्थी रजिस्टर्ड थे। वहीं, दोपहर को दूसरी पाली में 2:30 से शाम 4:30 बजे के बीच बीकॉम ऑनर्स की परीक्षा में 4010 अभ्यर्थी रजिस्टर्ड थे। अब बुधवार को सुबह की पाली में बीसीए, जबकि दूसरी पाली में बीएससी मैथ्स में प्रवेश के लिए परीक्षा होगी।

भाषा विवि में 77 फीसदी ने दी प्रवेश परीक्षा

■ NBT रिपोर्ट,लखनऊ: खाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में मंगलवार को प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। इसमें 77 फीसदी अभ्यर्थी उपस्थित रहे। आठ पाठ्यक्रमों में कुल 897 अभ्यर्थी रजिस्टर्ड वे जिसमें 694 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। विवि के अकैडमिक ब्लॉक में दोपहर 3 बजे से 4 बजे के बीच परीक्षा हुई। इसमें बी.फार्मा, डी.फार्मा, बीसीए, एमसीए, बीबीए, एमबीए, बी.टेक तथा एम.टेक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए। प्रवेश समन्वयक प्रो. सौबान रईद ने बताया कि परीक्षा के संचालन में किसी प्रकार की बाधा नहीं आई। जल्द ही इसका परिणाम जारी किया जाएगा।

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

लविवि में बीसीए व बीएससी (मैथ्स) पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा आज

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय की स्नातक प्रवेश परीक्षा सत्र 2025-26 के अंतर्गत बुधवार को प्रथम पाली (प्रातः 10.30 बजे से 12 बजे तक) में बीसीए की प्रवेश परीक्षा एवं शाम की पाली (अपराह्न 2.30 बजे से चार बजे तक) में बीएससी (मैथ्स) की प्रवेश परीक्षा परीक्षा होगी। बीसीए की प्रवेश परीक्षा में 3,665 अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं तथा बीएससी (मैथ्स) की प्रवेश परीक्षा में 2,983 अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं। प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को सुझाव दिया जाता है कि प्रवेश पत्र में उल्लिखित सभी निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें एवं उनका पालन करें। परीक्षा प्रारंभ के एक घंटे पूर्व अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र पर पहुंचे। परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र पर समय से पहुंचे। परीक्षा प्रारंभ होने के उपरांत किसी भी परीक्षार्थी का प्रवेश नहीं होगा। परीक्षार्थी अपने दो फोटो अवश्य अपने साथ लेकर आयें। आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, वोटर कार्ड में से कोई भी पहचान पत्र अवश्य लेकर आयें। पारदर्शी वोतल में पीने का पानी लेकर आ सकते हैं। नीला एवं काला बाल पॉइंट पेन लेकर ही आएँ, जिन अभ्यर्थियों ने पूर्व, पीडब्ल्यूडी, एफएफ, एक्स आर्मी आरक्षण का दावा किया है एवं एनसीसीसी और स्पोर्टस का भारण माँगा है, वो अपने मूल प्रमाणपत्रों के साथ आयें और परीक्षा के तुरंत बाद अनिवार्य रूप से उसकी जाँच कराएँ। प्रश्नपत्र में 100 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे जो 90 मिनट हल करने होंगे। प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का होगा तथा निगेटिव मार्किंग नहीं होगी। उधर मंगलवार को प्रथम पाली में आयोजित बीकॉम एनईपी की प्रवेश परीक्षा में 86 फीसद अभ्यर्थियों ने तथा द्वितीय पाली में आयोजित बीकॉम (ऑनर्स) की प्रवेश परीक्षा में 78 फीसद अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी।

स्नातक चतुर्थ वर्ष में प्रवेश को लविवि ने जारी किए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन फार्म

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक (एईपी) चतुर्थ वर्ष में प्रवेश के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रवेश फार्म जारी कर दिए गए हैं। यह जानकारी लविवि के प्रवेश समन्वयक प्रो. अनित्य गौरव ने दी। उन्होंने बताया कि जिन अभ्यर्थियों को सत्र 2024-25 में स्नातक (यूजी एईपी) की परीक्षाओं में सेमेस्टर से सेमेस्टर चार तक कुल 7.5 या इससे अधिक सीजीपीए प्राप्त हुए हैं, वे अभ्यर्थी स्नातक चतुर्थ वर्ष के सेमेस्टर सात का रजिस्ट्रेशन अपने एक विषय में कर सकते हैं। आवेदन के लिए अभ्यर्थी लविवि की आधिकारिक वेबसाइट के एडमीशन पेज पर जाकर कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 25 जुलाई 2025 है।

JAGRAN CITY PAGE III

17 से 23 तक होंगी परास्नातक प्रवेश परीक्षाएं

लवि ने जारी की 41 विषयों की तिथियां

जागरण संवाददाता • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय 17 से 23 जुलाई तक परास्नातक प्रवेश परीक्षाएं आयोजित करेगा। मंगलवार को विश्वविद्यालय ने 41 विषयों की तिथियां जारी कर दी हैं। यहां किसी अभ्यर्थी ने दो अधिक विषयों में आवेदन किया है और उन विषयों की प्रवेश परीक्षा की दिन व समय एक हो है तो अभ्यर्थी ई-मेल आइडी pgluadmissions25@gmail.com पर 10 जुलाई तक अनिवार्य रूप से सूचना भेज दें।

इस विषय में प्रोक्टर प्रक्रिया जारी : लवि पीजी के 25 अन्य विषयों की प्रवेश प्रक्रिया जारी भौतिक करेगा। इसमें एलआइएल एंड आर्किटेक्चरी, आचार्य, अरब कल्चर, आर्किक, फार्मास्टिटिएस, फॉरेंसिक हिस्ट्री, विमेन स्टडीज, ग्रेप, होम साइंस, संस्कृत, उर्दू, वेस्टर्न हिस्ट्री, वीमेन स्टडीज, पब्लिक पॉलिसी एंड गवर्नेंस, पाइपलाइन स्टडीज, इन्वायरमेंटल साइंस, अरेबिक, सीसीजेए, ज्योतिर्विज्ञान, लिंग्विस्टिक्स, एशियन, एग्रीबायूटिव एमबीए, रिन्यूबल एनर्जी, योग, जियोलजी विषय शामिल हैं।

स्नातक चतुर्थ सेमेस्टर में प्रवेश के आवेदन 23 तक: स्नातक विश्वविद्यालय के स्नातक चौथे वर्ष में प्रवेश के लिए मंगलवार को अनाउंस पंजीकरण फार्म जारी कर दिए हैं। विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ के माध्यम से सातवें सेमेस्टर में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसकी अंतिम तिथि 25 जुलाई तय की गई है।

प्रोक्टर एलएल के अनित्य गौरव की ओर से जारी सूचना के अनुसार जिन छात्र-छात्राओं को सत्र 2024-25 में स्नातक (यूजी एनईपी) की परीक्षाओं में छठे सेमेस्टर तक कुल 7.5 या इससे अधिक सीजीपीए (कम्युलेटिव ग्रेड प्वाइंट एवरेज) मिले हैं, वे स्नातक के चौथे वर्ष के सातवें सेमेस्टर के लिए पंजीकरण आवेदन अपने मेजर एक विषय में कर सकते हैं।



विधि की पढ़ाई 14 से

लवि के विधि संकाय में कर सत्र की पढ़ाई 14 जुलाई से शुरू होगी। त्रिवर्षपाठ्यक्रम एवं तीसरा, पांचवां व सातवां में कक्षाएं 14 जुलाई से शुरू होंगी। विधि विभाग बीडी सिंह ने बताया कि विधि तीन वर्षीय पाठ्यक्रम के तीसरे, पांचवें, सातवें, नवें और एलएलएम तीसरे सेमेस्टर की नियमित कक्षाएं 14 से संचालित होंगी। छात्र-छात्राओं का निर्णय लिए गए हैं कि अनिवार्य रूप से कक्षाओं में उपस्थित हों। अपनी उपस्थिति रजिस्टर पर जरूर दर्ज कराएं। 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति वाले विद्यार्थियों को बार काउंसिल ऑफ इंडिया के नियमानुसार परीक्षा में बैठने से वंचित कर दिया जाएगा।

प्रवेश परीक्षा की तिथि

17 जुलाई बायोटेक्नोलॉजी, पब्लिक हेल्थ (कम्युनिटी मेडिसिन), कंप्यूटर साइंस, बीपीएड, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, एलआइए जियोलॉजी, एजुकेशन, बायोकेमिस्ट्री, एमलिआइएससी

18 जुलाई माइक्रोबायोलॉजी, इंग्लिश, मैथ्स, फारेंसिक साइंस, एमएड, पालिटिकल साइंस।

19 जुलाई बॉटनी, इकोनॉमिक्स, केमिस्ट्री, स्टेटिस्टिक्स, मीडियाज एंड माडर्न इंडियन हिस्ट्री।

20 जुलाई एलएलबी, एमबीए/एमटीटीएम, एलएलएम।

21 जुलाई हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन, सोशियोलॉजी, जूलॉजी।

22 जुलाई पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, फिजिक्स, नियोलॉजी, फूड प्रोसेसिंग एंड फूड टेक्नोलॉजी, साइकोलॉजी, हिंदी।

23 जुलाई एमएड, एमबीए/एमएमए, अप्लाइड इकोनॉमिक्स, जर्नलिज्म ऐंड मास कम्युनिकेशन, सोशल वर्क, एमकॉम।

नेशनल कालेज : एडमिट कार्ड जारी, प्रवेश परीक्षा कल से

नेशनल पीजी कालेज ने स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि लंबित चौथे के बाद 14 जुलाई तक बढ़ा दी है। अभ्यर्थी शेष रुपये चेंज सीट के साथ आवेदन कर सकते हैं। सभी, जब तक जिन अभ्यर्थियों ने आवेदन पत्रों भर दिए हैं, उनके एडमिट कार्ड मंगलवार को जारी कर दिए गए। अभ्यर्थी वेबसाइट https://www.rnpgc.in/ के माध्यम से इसे डाउनलोड कर सकते हैं।

AMRIT VICHAR PAGE 07

लविवि में 17 से 23 तक परास्नातक प्रवेश परीक्षा

दो विषयों में आवेदन करने वाले 10 तक करें मेल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन 17 से 23 जुलाई तक प्रस्तावित है। परीक्षा दो पालियों में सुबह 10:30 से दोपहर 12 बजे तक और अपराह्न 3 से 4:30 बजे तक आयोजित की जाएगी। विश्वविद्यालय की ओर से कहा गया है कि यदि किसी अभ्यर्थी ने एक से अधिक विषयों में आवेदन किया है और उन विषयों की प्रवेश परीक्षा एक ही तिथि एवं समय पर निर्धारित है, तो ऐसे अभ्यर्थी 10 जुलाई तक ईमेल pgluadmissions25@gmail.com के माध्यम से विश्वविद्यालय को सूचित करें। प्रवेश पत्र और अन्य दिशानिर्देश शीघ्र ही विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी किए जाएंगे।

विश्वविद्यालय की ओर से कहा गया है कि प्राचीन भारतीय इतिहास और पुरातत्व, गृह विज्ञान, सीसीजेए, आचार्य, संस्कृत, ज्योतिर्विज्ञान, अरबी संस्कृति, उर्दू, भाषाविज्ञान, अरबी, पश्चिमी इतिहास, फारसी, बायोस्टैटिस्टिक्स, महिला अध्ययन, कार्यकारी एमबीए, समेकित इतिहास, जननीति और शासन, नवीकरणीय ऊर्जा, रक्षा अध्ययन, जनसंख्या अध्ययन, योग, फ्रेंच, पर्यावरण विज्ञान, दर्शनशास्त्र, आलिम आदि में परास्नातक प्रवेश की तिथि अलग से घोषित की जाएगी। अभ्यर्थी परीक्षा की तिथि, समय व विषय का भलीभांति अवलोकन करें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा से बच सके।

14 जुलाई से आरंभ होंगी विधि की कक्षाएं

विधि त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम के सेमेस्टर तीन और पांच, विधि पंचवर्षीय पाठ्यक्रम के सेमेस्टर तीन, पांच, सात और नौ व एलएल.एम. सेमेस्टर तीन की नियमित कक्षाएं 14 जुलाई 2025 से आरंभ होंगी। जिन छात्र-छात्राओं की नियमित कक्षाओं में उपस्थिति 75 प्रतिशत से कम होगी उन्हें बार काउंसिल ऑफ इंडिया के नियमानुसार परीक्षा में बैठने से वंचित कर दिया जाएगा।

7.5 क्रेडिट पर होगा चतुर्थ वर्षीय स्नातक में प्रवेश

विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए स्नातक चतुर्थ वर्ष में प्रवेश हेतु ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन फॉर्म जारी कर दिए हैं। वे अभ्यर्थी जिन्होंने सेमेस्टर 1 से VI तक कुल 7.5 या उससे अधिक सीजीपीए अर्जित किया है, वे चतुर्थ वर्ष (सेमेस्टर 7) में अपने मेजर 1 विषय में रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 25 जुलाई निर्धारित की गई है। आवेदन लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in के एडमिशन पेज पर किया जा सकता है।

इन विषयों की होगी परीक्षा

17 को प्रथम पाली में मानव शास्त्र, जैव प्रौद्योगिकी, कंप्यूटर साइंस, बी.पी.एड., पब्लिक हेल्थ (कम्युनिटी मेडिसिन) जबकि दूसरी पाली में एलाइड जियोलॉजी, बी.लिब.आई.एससी., शिक्षा, बायोकैमिस्ट्री, एम.लिब.आई.एससी. और पब्लिक हेल्थ की परीक्षा होगी। 18 को प्रथम पाली में अंग्रेजी, माइक्रोबायोलाजी और गणित और दूसरी पाली में फारेंसिक विज्ञान, एमपीएड, राजनीति शास्त्र की परीक्षा होगी। 19 को प्रथम पाली में वनस्पति विज्ञान, अर्थशास्त्र, रसायन शास्त्र और सांख्यिकी की परीक्षा होगी। जबकि दूसरी पाली में मध्यकालीन और मध्यकालीन भारतीय इतिहास की प्रवेश परीक्षा होगी। 20 को प्रथम पाली में एलएलबी प्रवेश परीक्षा दूसरी पाली में एमबीए एमटीटीएम की प्रवेश परीक्षा होगी। 21 को प्रथम पाली में भूगर्भ विज्ञान और एलएलएम की परीक्षा होगी जबकि दूसरी पाली में हास्पीटल एडमिनिस्ट्रेशन, समाजशास्त्र और जीवविज्ञान की परीक्षा होगी। 22 को प्रथम पाली में लोकप्रशासन और हिंदी जबकि दूसरी पाली में भौतिक विज्ञान की परीक्षा आयोजित की गई है। 23 को प्रथम पाली में एमएड, एमएफए, एमबीए, अप्लाइड अर्थशास्त्र, पत्रकारिता और मॉस कम्यूनिकेशन और दूसरी पाली में समाज कार्य और एमकॉम की प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई है।

VoL PAGE 6

बीकॉम एनईपी प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए 86 प्रतिशत अभ्यर्थी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में मंगलवार को स्नातक प्रवेश परीक्षा के तहत दो पालियों में बीकॉम एनईपी और बीकॉम आनर्स की परीक्षा हुई। इस परीक्षा में सुबह की पाली में बीकॉम एनईपी में 86 प्रतिशत अभ्यर्थी शामिल हुए जबकि शाम की पाली में बीकॉम आनर्स में 78 प्रतिशत अभ्यर्थी शामिल हुए। बता दें कि लखनऊ विश्वविद्यालय के स्नातक प्रवेश परीक्षा सत्र 2025-26 के अंतर्गत 9 जुलाई को प्रथम पाली (10:30-12:00 बजे) में बीसीए की प्रवेश परीक्षा एवं शाम की पाली (2:30-4:00) में बीएससी (मैथ) की प्रवेश परीक्षा परीक्षा होगी। बीसीए की प्रवेश परीक्